**कार्यालय मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**बीडा भदोही**

पत्र संख्या:बीडा/कार्मिक–एक/( 462 )/21–22/10715 दिनांक 6-9-2022

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक,
1– हिन्दी दैनिक " दैनिक जागरण" वाराणसी।
2– हिन्दी दैनिक " अमर उजाला" वाराणसी।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञप्ति प्राप्त करें तथा इसे अपने हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 08.09.2022 को भदोही संस्करण में विज्ञापित करते हुए विज्ञापन से सम्बन्धित बिल की दो प्रतियॉ तथा समाचार पत्र की तीन प्रतियां भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करें। विज्ञापन कम से कम स्पेश में होना चाहिए। विज्ञापन का भुगतान राजकीय दर के अनुसार किया जायेगा ।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(ओ0पी0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/
प्रभारी कार्मिक

पत्र संख्या:बीडा/कार्मिक–एक/( 462 )/21–22/10715 दिनांक 6-9-2022

प्रतिलिपिः –

1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ ।
2. वित्त एवं लेखानुभाग सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. गार्ड पत्रावली कार्मिक अनुभाग।
5. श्री एन0 के0 सिंह, वारियर्स सिक्योरिटी एण्ड सर्विसेज, 12/34/2, सिंह शापिंग काम्पलेक्स, पोन्घट पुल, मुन्डेरा, प्रयागराज उ0प्र0 211011 को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र के साथ सलग्न विस्तृत अनुभव/शर्तों का विवरण अपने वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(ओ0पी0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/
प्रभारी कार्मिक

C:\Users\mcs\Desktop\Nivida Suchana.doc

# कार्यालय मुख्य कार्यपालक अधिकारी
# भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण
# बीडा–भदोही

दिनांक .................

पत्र सं0 बीडा/कार्मिक–एक/(462)/21–22/

## सेवा प्रदाता संस्था के माध्यम से निश्चित समयावधि हेतु नियुक्ति

भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण, भदोही में 01 लेखाकार कम इण्टरनल ऑडिटर, 01 प्रधान मानचित्रकार एवं 01 वाहन चालक की आवश्यकता है। उक्त पदों को सरकारी/अर्द्धसरकारी/निगम/उपक्रम/ प्राधिकरण आदि विभागों से सेवानिवृत्त कार्मिकों, जिनकी आयु 62 वर्ष से कम है, प्राधिकरण की चयनित सेवा प्रदाता संस्था वारियर्स सिक्योरिटी एण्ड सर्विसेज के माध्यम से भरे जाने है। उक्त हेतु अनुभव एवं शर्तें निम्नवत है :–

**अ– अनुभव**

1. प्रधान मानचित्रकार पद से सेवानिवृत्त कार्मिक के लिये प्राधिकरण में जमा होने वाले मानचित्रों के शुल्क की गणना, लेबर व सेस की गणना एवं महायोजना से सम्बन्धित कार्यो का अनुभव
2. वरिष्ठ लेखाकार कम इण्टरनल ऑडिटर पद से सेवानिवृत्त कार्मिक के लिये लेखानुभाग में सम्परीक्षा टोली द्वारा लगाई गयी आपत्तियों का निस्तारण, बैलेन्स शीट तैयार कराया जाना, बिक्रीकर, आयकर, जमा होने वाली धनराशि आदि के सम्बन्ध में उचित अनुभव।
3. वाहन चालक पद के सेवानिवृत्त कार्मिक के लिये स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र एवं शासकीय कार्यालय में सभी वाहन चालन के कार्य का अनुभव।

**ब–शर्तें–**

1. सेवानिवृत्त कार्मिक की अधिकतम आयु 62 वर्ष तक होगी।
2. सेवानिवृत्त कार्मिक की विगत 05 वर्षो की गोपनीय चरित्र प्रविष्टि की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
3. आवेदन पत्र के साथ सरकारी/ अर्द्ध सरकारी/ निगम/ उपक्रम आदि विभागों से सेवा निवृत्त से सम्बन्धित आदेश की छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. सेवानिवृत्त कार्मिक की सेवा 03–03 माह की अवधि के लिये की जायेगी। संतोषजनक सेवा की स्थिति में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में उनकी सेवा अवधि बढ़ाई जा सकती हैं
5. प्रधान मानचित्रकार एवं वरिष्ठ लेखाकार कम इण्टरनल ऑडिटर पद के कार्मिक का कुल मासिक मानदेय रू0 30000.00 (रूपये तीस हजार) नियत की जाती है तथा वाहन चालक पद के कार्मिक का कुल मासिक मानदेय वर्तमान में प्रचलित श्रम आयुक्त,उ0प्र0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कुशल श्रेणी के वेतनमान के आधार नियत किया जाता है। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई देयता नहीं होगी।
6. किसी न्यायालय अथवा नियोक्ता विभाग से कोई दण्ड/ विभागीय कार्यवाही/ वसुली आदि की कार्यवाही विचाराधीन न होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर उनकी सेवा किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।
8. अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा।
9. सेवा सम्बन्धी विवाद में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय का निर्णय सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा।

उपरोक्त शर्तो को धारित करने वाले इच्छुक सेवानिवृत्त कार्मिक अपने पूर्ण बायोडाटा के साथ, सेवा प्रदाता संस्था वारियर्स सिक्योरिटी एण्ड सर्विसेज, 12/34/2, सिंह शापिंग काम्पलेक्स, पोन्घट पुल, मुन्डेरा, प्रयागराज उ0प्र0 211011, मो0नं0 08400997645 पर आवेदन कर सकते है।

(ओ0पी0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/प्रभारी कार्मिक